आगरा और पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किनारे टाउनशिप विकसित होंगी

तैयारी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। एलडीए आगरा व पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर नई टाउनशिप विकसित करेगा। मोहनलालगंज में भी नई टाउनशिप बनाएगा। प्राधिकरण ने इन तीनों के लिए सर्वे पूरा कर लिया है। इनसे करीब आठ लाख लोगों के आवास का रास्ता सुगम होगा। तीनों परियोजनाएं 4800 एकड़ में विकसित की जाएंगी। बीकेटी के 14 गांवों की 6000 एकड़ में पहले से ही टाउनशिप के विकास की मंजूरी मिल चुकी है।

आगरा एक्सप्रेस वे के किनारे 1800 एकड़ में पहली योजना: लखनऊ विकास प्राधिकरण (एनडीए) ने शहर की चारों दिशाओं में टाउनशिप की योजना तैयार की है। इनके लिए जमीन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शुरुआती सर्वे पूरा हो गया है। योजनाओं में जमीनें काफी खाली हैं। उन पर प्लॉटिंग नहीं है। इसी वजह से इन्हें चिह्नित किया गया है। पहली योजना आगरा एक्सप्रेस वे किनारे करीब 1800 एकड़ में विकसित की जाएगी। अवध चौराहे से यह योजना करीब 12 से 13 किलोमीटर दूर होगी। दूसरी योजना पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किनारे विकसित होगी। यह सुल्तानपुर रोड शहीद पथ से 15 से 17 किलोमीटर दूर होगी। इसे भी करीब 1800 एकड़ में विकसित किया जाएगा। तीसरी योजना मोहनलालगंज में जेल के पीछे के हिस्से में विकसित होगी। इसके लिए 1200 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है।

4800

एकड़ में विकसित होंगी तीनों परियोजनाएं

■ 1200 एकड़ में मोहनलालगंज में टाउनशिप बनाई जाएगी

करीब आठ लाख लोगों को मिलेगा आवास

एलडीए की इन तीनों योजनाओं में करीब आठ लाख लोगों को आवास मिलेगा। इसमें प्लॉट, सिंगल स्टोरी मकान के अलावा फ्लैट भी होंगे। ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक, स्कूल-कॉलेज, नर्सिंग होम के भूखण्डों के अलावा बड़े-बड़े पार्क, कम्युनिटी सेंटर, पांच सितारा होटल भी होंगे। शहर से कनेक्टिविटी ठीक कराने के लिए नए मार्ग भी बनाए जाएंगे।

सबसे ज्यादा होगी हरियाली, जाम मुक्त डिजाइन

एलडीए अपनी इन टाउनशिप को काफी हरा-भरा बनाएगा। चौड़ी-चौड़ी सड़कें होंगी तो बड़े-बड़े पार्क भी होंगे। इनकी सड़कों व चौराहों को इस तरह डिजाइन किया जाएगा ताकि पूरी कॉलोनी में कहीं जाम न लगे।

बीकेटी की टाउनशिप में छह गांव और बढ़ेंगे

एलडीए ने बीकेटी के 14 गांवों की करीब 6000 एकड़ जमीन पर टाउनशिप विकसित करने की योजना बनाई थी। अब इस टाउनशिप में करीब छह गांव और जोड़े जाएंगे। प्राधिकरण के अधिकारियों व इंजीनियरों ने इन्हें चिह्नित कर लिया है।

" प्राधिकरण आगरा एक्सप्रेस वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे तथा मोहनलालगंज में नई टाउनशिप विकसित करेगा। बीकेटी में नई टाउनशिप की योजना तैयार है। इसका शुरुआती सर्वे हो गया है। इनके विकास के लिए शासन से मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना से बजट लिया जाएगा। शासन ने एलडीए की आईटी सिटी तथा वेलनेस सिटी के लिए 600 करोड़ रुपये दिए हैं।

प्रथमेश कुमार, वीसी, एलडीए